आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.07.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- सरकार कल लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पेश करेगी।
- आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करगिल विजय दिवस पर देश के वीर सपूतों का स्मरण किया।
- डिगलीपुर में एरियल बे – गांधी नगर – स्मिथ द्वीप को जोड़ने वाली 50–यात्री क्षमता वाली चार्टर्ड फेरी सेवा आज से शुरू।
- श्री विजयपुरम में कल से सर्किट बैठक का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

सरकार कल लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पेश करेगी। यह विधेयक सोमवार के लिए लोकसभा की कार्यसूची में शामिल है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह इस विधेयक को सदन में प्रस्तुत करेंगे। इसका उद्देश्य लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, दो हजार चौबीस में संशोधन करना है। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा में अनियमितताओं के मामलों में त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट–ट्रैक अदालतों की स्थापना तथा दोषियों के लिए और कड़े दंड का प्रावधान करने संबंधी मसौदा विधेयक को मंजूरी दी थी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नई उंचाइयां छू रहा है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, करगिल विजय दिवस के वीर सैनिकों का स्मरण करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह दिन देशवासियों को अपने बहादुर सैनिकों के असाधारण शौर्य की याद दिलाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी तकनीकी क्षमता लगातार बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले रविवार को विक्रम–वन के सफल प्रक्षेपण ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि यह भारत के निजी क्षेत्र का पहला रॉकेट है। कैच द रेन अभियान के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि चार जुलाई से यह विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले ग्लासगो में शुरू हुए राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल खिलाड़ियों का पूरा देश उत्साहवर्धन कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि पीवी सिंधु जापान ओपन बैडमिंटन में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाडी बनी।

श्री मोदी ने गणेश उत्सव के दौरान सभी से प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों के स्थान पर मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं की पूजा करने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस के बारे में बात की।

श्री मोदी ने सभी से हमेशा की तरह 15 अगस्त से पहले मॉय गोव पोर्टल पर अपने विचार और सुझाव साझा करने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में फेरी सेवाओं की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए जहाजरानी सेवा निदेशालय ने तीन ऑपरेटरों के साथ हाल ही में निष्पादित चार्टरिंग समझौते के तहत डिगलीपुर में एक चार्टर्ड 50–यात्री क्षमता वाले फेरी सेवा का संचालन शुरू कर दिया है। एरियल बे – गांधी नगर – स्मिथ द्वीप को जोड़ने वाली यह चार्टर्ड फेरी सेवा आज से शुरू हो गई है। एरियल बे जेटी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान डिगलीपुर के सहायक आयुक्त संतोष प्रकाश ने इस सेवा को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पंचायती राज संस्था के सदस्यों और जहाजरानी सेवा के उप निदेशक जे. गोपीनाथ भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

राष्ट्र आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर वर्ष उन्नीस सौ निन्यानब्बे के करगिल युद्ध में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। राष्ट्रपति

द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करगिल विजय दिवस पर मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख के द्रास में, करगिल युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीदों के परिजन भी उपस्थित थे। श्री सिंह ने कहा कि करगिल युद्ध भारत की सैन्य और कूटनीतिक विजय के साथ निर्णायक क्षण भी था, जब दुनिया ने भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और शौर्य को देखा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में कल से 7 अगस्त तक सर्किट बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान न्यायिक सदस्य उर्मिता दत्ता (सेन), और प्रशासनिक सदस्य सुचित्त कुमार दास, मामलों की सुनवाई करेंगे। इस अवधि के दौरान नये आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों के मामले लंबित हैं, वे संबंधित मामले के दस्तावेजों के साथ सरकारी वकील या पैनल अधिवक्ताओं से संपर्क करें। विभागाध्यक्षों से भी अपने नोडल अधिकारियों को सुनवाई की दिन आवश्यक दस्तावेजों के साथ अधिकरण में उपस्थित रहने का निर्देश देने को कहा गया है।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग ने वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता जारी करने के लिए द्वीपसमूह के पंजीकृत सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्रत्येक पात्र संगठन को पच्चीस हजार रूपये की अनुदान सहायता दी जाएगी। इसके लिए सांस्कृतिक संगठनों का एक पंजीकृत कार्यालय, कला, संस्कृति, राष्ट्रीय एकीकरण, सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए कार्य करना और न्यूनतम एक वर्ष की अवधि से सक्रिय होना अनिवार्य है। इच्छुक संगठन अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों के साथ अट्ठारह अगस्त तक कला एवं संस्कृति निदेशक के पते पर जमा कर सकते हैं। आवेदन का प्रारूप प्रशासन और विभाग के वेबसाइट से डाउनलोड या कला एवं संस्कृति निदेशालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>